# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे
वर्ष 13 | अंक 17 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार , 16 सितम्बर 2025 से 22 सितम्बर 2025 तक


# इंदौर: हादसा हत्या से कम नहीं

## बेपरवाह सिस्टम की वजह से सड़क पर बिखरी मासूमों की लाशें - कब जागेगा प्रशासन?

### जनता पर हेलमेट का बोझ...! परन्तु अपनी ड्यूटी करने में बेपरवाह ... ट्रक की नौ एंट्री में एंट्री कैसे.










आदित्य शर्मा » रणजीत टाइम्स

सह. संपादक


इंदौर। मध्य प्रदेश की व्यापारिक राजधानी इंदौर का एयरपोर्ट रोड अब मौत का रास्ता बन गया है। अंकित होटल से गीतांजलि अस्पताल के बीच हुआ भीषण हादसा सड़क दुर्घटना नहीं बल्कि प्रशासनिक विफलताओं, न्यायपालिका की उदासीनता और पुलिस की चालानखोरी से जन्मा क़त्लेआम है। कर-लोडिंग रिक्शा और बैटरी रिक्शा में सवार निर्दोष लोग अपने परिवार के साथ घर लौट रहे थे, लेकिन नशे में धुत्त एक ट्रक चालक और प्रशासन की लापरवाही ने उनकी ज़िंदगियाँ छीन लीं। शुरुआती जानकारी के अनुसार दर्जनों लोगों की मौत की आशंका है, जबकि कई घायलों की हालत नाज़ुक बताई जा रही है। अस्पतालों में ज़िंदगी और मौत के बीच जूझते लोगों की चीखें सुनाई दे रही हैं।

यह हादसा किसी एक ड्राइवर की गलती नहीं है। यह एक ऐसे सिस्टम का नतीजा है जो सड़क पर सुरक्षा देने के बजाय चालान काटने में व्यस्त है। ट्रैफिक पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर इतनी व्यस्त सड़क पर ट्रक प्रवेश कैसे कर गया? नशेड़ी ड्राइवरों पर कोई नियंत्रण नहीं, भारी वाहनों की निगरानी शून्य, और सड़क सुरक्षा पर चर्चा सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गई है। हेलमेट के नाम पर चालान काटना तो आसान



है, मगर सड़क पर मौत रोकना मुश्किल।

### जनता पूछ रही है – क्या हमारी जान सिर्फ हेलमेट पहनकर सुरक्षित हो जाएगी?

क्या ट्रैफिक पुलिस का काम सड़क की सुरक्षा नहीं बल्कि चालान बनाना भर है? क्या न्यायपालिका का दायित्व सिर्फ याचिकाएँ स्वीकार कर उन्हें ठंडे बस्ते में डाल देना है? बार-बार सड़क सुरक्षा के लिए याचिकाएँ दायर की गईं, लेकिन न तो जिम्मेदारी तय हुई, न ही नशे में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ कोई ठोस कदम उठे। अदालतों ने औपचारिकताएँ निभाईं, पर सड़क पर फैलती मौत की तरफ आँखें मूँद लीं। हादसे के बाद लोगों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा। ट्रक को रोककर उसमें आग लगा दी गई। यह आग सिर्फ एक शराबी ड्राइवर के खिलाफ नहीं थी, बल्कि उस पूरे सिस्टम के खिलाफ थी जिसने उसे खुलेआम सड़कों पर चलने दिया। यह आक्रोश प्रशासन और न्यायपालिका की मिली-जुली नाकामी के खिलाफ जनता की पुकार है।

### इंदौर की सड़कों पर मौत का खेल अब आम होता जा रहा है

जिम्मेदार अधिकारी बयान देकर कुर्सियाँ बचा रहे हैं, जबकि आम जनता अपनी जान से हाथ धो रही है। शहर की आत्मा इस हादसे से कराह रही है। सवाल यही है – कब तक निर्दोष लोग सिस्टम की असफलताओं की कीमत अपनी जान देकर चुकाते रहेंगे? फिलहाल लाशों और घायलों को अस्पताल पहुँचाने का सिलसिला जारी है। कई बड़े अधिकारी घटना स्थल पर पहुँच चुके हैं, लेकिन इससे क्या बदल जाएगा? जनता का विश्वास टूट चुका है। पुलिस प्रशासन की भूमिका संदिग्ध है और यातायात व्यवस्था की पोल खुल गई है।

### यह हादसा इंदौर ही नहीं, पूरे देश के लिए एक चेतावनी है

अगर सड़क सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया गया, अगर नशे में वाहन चलाने वालों पर नियंत्रण नहीं किया गया, अगर अदालतें औपचारिकताएँ निभाकर चुप बैठी रहीं, तो ऐसे हादसे बढ़ते जाएँगे। जनता अब जाग चुकी है। सवाल कर रही है, जवाब माँग रही है और अगर सिस्टम नहीं जागा तो यह आक्रोश एक बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है।

अब समय आ गया है – प्रशासन और न्यायपालिका से जवाब माँगने का।

क्या हमारी जान की कोई कीमत है या हम सिर्फ चालानों का आंकड़ा हैं?

## न्यायाधीश ने गांव में चबूतरा पर चौपाल लगाकर दी ग्रामीणजनों को कानूनी जानकारियां

**जगदीश पाल**



पिछोर (शिवपुरी) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर तथा अध्यक्ष, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र प्रसाद सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला शिवपुरी श्रीमती रंजना चतुर्वेदी के निर्देशानुसार तथा अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पिछोर के मार्गदर्शन में गत दिवस ग्राम सीतापुर में 12 सितम्बर को शाम 5:35 बजे, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश पिछोर राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा सीतापुर में नीम के पेड़ के नीचे चबूतरा पर चौपाल के माध्यम से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम में न्यायाधीश श्री अग्रवाल साहब अतिरिक्त जिला न्यायाधीश पिछोर के द्वारा ग्राम सीतापुर के ग्रामीण पुरुष-महिला, एवं बालक-बालिकाओं को विधिक कानून के बारे में जानकारियां दी गई एवं शासन के द्वारा कल्याणकारी योजनाओं के बारे में मिल रही सुविधाओं के संबंध में चर्चा की गई तथा विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर के महत्व के बारे में बताया गया एवं निशुल्क विधिक सेवा अधिनियम के अंतर्गत गरीब एवं कमजोर वर्ग के नागरिकों को निशुल्क विधिक सेवा अधिनियम के बारे में जानकारीयां दी गई। कार्यक्रम का संचालन कार्यालय तहसील विधिक सेवा कर्मचारी धर्मेंद्र राजोरिया तथा पैरालीगल वालंटियर भानु प्रताप द्वारा किया गया।

## एसडीएम ममता शाक्य ने किया आदि कर्म योगी प्रशिक्षण का कमालपुर में निरीक्षण

**जगदीश पाल**



पिछोर(शिवपुरी) जनपद पंचायत खनियाधाना के अंतर्गत भारत सरकार के जनजातीय मंत्रालय के तहत आदि कर्मयोगी अभियान के एक दिवसीय विलेज प्रोसेस लैब का आयोजन किया गया, जिसमें आठ क्लस्टर लेवल के 28 ग्राम पंचयात मुख्यालय पर महिला बाल विकास विभाग, जनजाति कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग,लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी बिभाग, वन बिभाग, के ग्राम स्तरीय जन प्रतिनिधि अधिकारी व कर्मचारियों का उनमुखीकरण परस्पर सहभागिता से संपन्न हुआ! इस कार्यक्रम के तहत जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में विकास हेतु कार्य योजना निर्माण की कार्यबाही ग्राम स्तरीय पर सहभागिता के साथ की जाएगी! कार्यक्रम में ग्राम पंचयात भितरगवा,कमालपुर में पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व)श्रीमती ममता शाक्य द्वारा निरीक्षण किया गया, उनके साथ पंचायत इंस्पेक्टर दिनेश कुमार गुप्ता थें जहां उन्होंने कार्ययोजना बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये तथा आगामी दो दिवस में सभी जनजाति पंचयात में प्रशिक्षण आयोजित किये जाये!

# जिला चिकित्सालय में पदस्थ शासकीय डॉक्टर टीवी के मरीज से कहा सरकारी गोली दवाइयां से ठीक नहीं होते आप मेरे पास मेरी क्लीनिक पर प्राइवेट आओ

शिवपुरी जिला चिकित्सालय टीवी अस्पताल में पदस्य डॉक्टर श्री संकल्प जैन जी द्वारा एक मरीज का इलाज किया गया जो कि मरीज ग्राम गाजीगढ़,तहसील बैराड़, जिला शिवपुरी टीवी अस्पताल में अपना इलाज कराने आया जिसमें डॉक्टर श्री संकल्प जैन ने मरीज का इलाज किया जिसमे श्रीमती पपीता धाकड़ जी को यह बताया की सरकारी अस्पताल की दवाइयां से आप ठीक नहीं हो सकते आप मेरी क्लीनिक पर प्राइवेट फीस देकर दिखा लीजिए मैं आपका इलाज सही से कर दूंगा और जांच भी करनी पड़ेगी बाहर से और दवाई भी लेनी पड़ेगी! यह बोलकर मरीज को गुमराह कर दिया गया और अपने पेन से क्लीनिक का नाम और डॉक्टर श्री संकल्प जैन राजश्री रोड तात्या टोपे के सामने का पता बताया गया जिसमें मरीज प्राइवेट दिखाने गया तो उसे फीस ली इसमें मरीज को प्राइवेट जांच भी करानी पड़ी और दवाइयां भी लेनी पड़ी जो दवाइया पर्चे पर लिखी गई वह डॉक्टर खुद अपनी क्लीनिक से ही पैसे से देता है और सारी जांच श्री राम पैथोलॉजी से



कराई गई लेकिन मरीज को आराम नहीं मिला तो वह 5 दिन बाद फिर वापस आया जिसमें डॉक्टर ने बहुत सारी जाँचे प्राइवेट करा ली जो की उससे पहले हो चुकी थी जैसे की एक्स-रे खून की जांच इत्यादि और मरीज का पूरा प्राइवेट खर्चा 30000 ले लिया गया जिसमें मरीज ने बोला कि आपने इतना खर्चा कैसे बता दिया तो वह बोला कि प्राइवेट में तो इतना ही खर्च होता है फिर आपको आराम कहां से मिलेगा सरकारी दवाइयां से आपको आराम नहीं मिलेगा आप मर जाओगे और मरीज को 100% ठीक होने की गारंटी देकर मरीज को सरकारी अस्पताल से प्राइवेट लाया गया जब मरीज को कुछ आराम नहीं मिला तो मरीज ने कुछ बातें कहीं जो कि डॉक्टर ने उनकी बातों पर अनसुनी दी और डॉक्टर ने मरीज से बोला कि आप पर जो हो जाए वह कर देना मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता मरीज ने फिर इसकी शिकायत 181 पर कर दी उसके बाद डॉ श्री संकल्प जैन मरीज को कॉल करके बोल रहा है कि आप मेरी शिकायत बंद कर दीजिए नहीं तो आगे से मैं आपका इलाज नहीं कर पाऊंगा और पैसे भी नहीं दूंगा यह बोलकर फोन काट दिया जिसमें मरीज को अभी तक कोई आराम नहीं मिला है शिवपुरी CMHO मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा इससे पहले एक नोटिस दिया गया था कि आप सरकारी अस्पताल से मरीज को अपनी प्राइवेट क्लीनिक पर मरीज का इलाज नहीं कर सकेंगे।

# नशे के खिलाफ जागरूकता को लेकर स्कूल में हुआ कार्यक्रम आयोजित

## न्यू लिटिल मून हॉयर सेकेंडरी स्कूल, गणेश धाम इन्दौर मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया





**भारतीय संविधान के अंतर्गत मौलिक कर्तव्यो पर केंद्रित इस विधिक साक्षरता कार्यक्रम मे पी एल वी पूनमचंद परमार और पी एल वी मेहरबान सिंह परमार के द्वारा विद्यार्थियों को विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाऐं और उनका लाभ प्राप्त करने तरीके तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की उपयोगी जानकारी प्रदान की गयी।**

वही नशा मुक्त भारत अभियान के संयोजक और इंदौर लोकसभा पिछड़ा वर्ग कांग्रेस संगठन के अध्यक्ष हिमांशु यादव ने नशे के



दुष्प्रभावों और उनसे बचने की आवश्यकता पर प्रेरक उद्बबोधन दिए साथ ही स्कूल के बच्चों को नशे के खिलाफ पत्रक भी वितरित किए INDO GERMAN TOOL ROOM, INDORE के प्रशिक्षक श्री प्रखर जोशीजी ने 10वी एवं 12वी उत्तीर्ण छात्रो को कौशल प्रशिक्षण संस्थान के कोर्सेज के बारे मे अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राऐं एवं प्राचार्य श्रीमती स्वाति राय मेडम, डायरेक्टर श्री दिनेश रायजी,अध्यापक श्री रविंद्र प्रजापति एवं स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन श्री पूनमचंद परमार ने किया तथा आभार डायरेक्टर माननीय श्री दिनेश रायजी ने किया।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार , 16 सितम्बर 2025 से 22 सितम्बर 2025 तक




# लव जिहाद के खिलाफ दलितों ने घेरा बड़गोंदा थाना

## दलित किशोरी को मुस्लिम युवक अयान खान ने निकाह के लिए किया प्रताड़ित

## घटना की जानकारी मिलते ही महू के ग्राम बैरछा में पहुंचे दलित नेता और हिन्दू संगठन के लोग

**आदित्य शर्मा::8224951278**

महू। पिछले एक साल से महू निवासी दलित किशोरी को मुस्लिम युवक अयान खान जबरजस्ती निकाह करने के लिए प्रताड़ित कर रहा था एवं कई बार उसने किशोरी को और उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी लोक लाज से भयभीत पीड़ित दलित परिवार ने किसी को शिकायत नहीं की। बार बार प्रताड़ित होने पर किशोरी के पिता ने अखिल भारतीय बलाई महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय सोलंकी के माध्यम से दलित नेता मनोज परमार को घटना की जानकारी दी॥



N.C.R.B (एन.सी.आर.बी)
I.I.F.-I (एकीकृत जांच फार्म -I)

FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 173 B.N.S.S)
प्रथम सूचना रिपोर्ट
(धारा 173 बी एन एस एस के तहत)


1. District (जिला): इंदौर देहात    P.S. (थाना): बड़गोंदा
Year (वर्ष): 2025
FIR No. (प्र.सू.रि. सं.): 0387
Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय): 12/09/2025 23:00 बजे

2. S.No. (क्र.सं.) Acts (अधिनियम) — Sections (धारा(एँ))

| S.No. | Acts | Sections |
|---|---|---|
| 1 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 78 |
| 2 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 296 |
| 3 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 351(2) |
| 4 | लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 | 11 |
| 5 | लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 | 12 |
| 6 | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 (संशोधन 2015) | 3(2)(va) |

3. (a) Occurrence of offence (अपराध की घटना):
1. Day (दिन): दरमियानी दिन
Date From (दिनांक से): 01/09/2024    Date To (दिनांक तक): 11/09/2025
Time Period (समय अवधि):    Time From (समय से): 13:00 बजे    Time To (समय तक): 19:00 बजे
(b) Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई): Date (दिनांक): 12/09/2025    Time (समय): 22:54 बजे
(c) General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ): Entry No. (प्रविष्टि सं.): 043    Date & Time (दिनांक और समय): 12/09/2025 22:5[illegible]
4. Type of Information (सूचना का प्रकार): Oral

परमार अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ महू के ग्राम बैरछा पहुंचे और परिजनों को साथ लेकर थाना बड़गोंदा पहुंचे और आरोपी जिहादी आयन



N.C.R.B (एन.सी.आर.बी.)
I.I.F.-I (एकीकृत जांच फार्म)

8. Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता ... रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):
9. Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):
S.No. (क्र.सं.) Property Category (संपत्ति श्रेणी) Property Type (सम्पत्ति का प्रकार) Description (विवरण) Value(In ...) (मूल्य ...)
10. Total value of property (In Rs/-) सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में):
11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी. प्रकरण सं., यदि कोई हो):
S.No. (क्र.सं.) UIDB Number (यू.डी. प्रकरण सं.)
12. First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):

खान के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया। इस दौरान बजरंग दल विहिप दुर्गा वाहिनी की बहने एवं अन्य हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता भी मौजूद थे॥ इस मौके पर मुख्य रूप से नवीन राठौर



निलेश चौहान सफाई कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष मनीष जेदीय पवन भावसार लखन देपाले दिनेश कुलपारे सहित सैकड़ो की संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर आनंद नगर एबी रोड राजेन्द्र नगर थाना इंदौर




पुजारी महंत श्री श्री 108 महंत ईश्वर दास के ऊपर आत्मघाती हमला किया गया स्थानी लोगों द्वारा श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर नितिनदास जी महाराज श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर राम गोपाल दास जी महामंडलेश्वर दिनेश दास जी महाराज लाल मंदिर महामंडलेश्वर विजय रामदास बेटमा महंत धर्मदास श्री महंत रामचंद्र दास ओंकारेश्वर श्री श्री दास जी महाराज के साथ सैकड़ो संत भक्तों के साथ राजेंद्र नगर थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई मामला राजेंद्र नगर हनुमान मंदिर के पुजारी महंत ईश्वर दास के ऊपर कुछ बदमाश लोगों ने जानलेवा हमला किया और उनके साथ लूटपाट की गई थाना महोदय से निवेदन है ऐसे लोगों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए और उनके घर पर बुलडोजर चला करके घर को ध्वस्त किया जावे ताकि कोई भी गुंडा बदमाश संतो के ऊपर जान लेबर हमला करने से पहले हजार बार सूचे महंत ईश्वर दास की स्थिति बहुत नाजुक है और उनको गंभीर चोट उनके शरीर पर है जिनको चलने में बैठने में बोलने में बहुत तकलीफ है प्रशासन इस पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें दोषियों को दंडित किया जाए हिन्दू सनातन राष्ट्रीय संत सनातन।

## महाराजा यशवंतराव होलकर स्कूल, उषा नगर में मल्हार क्रीड़ा मंडल द्वारा आयोजित वार्षिक इंट्रा-क्लब बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस टूर्नामेंट का समापन गरिमामय ढंग से हुआ

### सेमीफाइनल मुकाबले

**प्रशांत महंत ने भूषण जैन को 11-9, 11-8, 11-8 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जितेंद्र भंडिया ने विभूति शर्मा को कड़े संघर्ष में 9-11, 12-10, 10-8, 11-9 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई।**

### फाइनल मुकाबला

फाइनल में प्रशांत महंत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जितेंद्र भंडिया को 11-9, 11-9, 8-11, 12-10 से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। उपविजेता का खिताब जितेंद्र भंडिया ने प्राप्त किया।




### डबल्स मुकाबला

डबल्स वर्ग में मनीष जोशी और संजय शर्मा की जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए सेमीफाइनल में अजीत मराठे और जयंत साहू को कड़े संघर्ष में 11-9, 9-11, 11-8 से हराकर विजेता बने।

### समापन समारोह

**समापन समारोह में मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध लेखक एवं खिलाड़ी श्री विजय रंगडेकर (उप प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक) एवं श्री विवेक गावड़े उपस्थित रहे। इस अवसर पर संरक्षक श्री अनिल बारगल और अध्यक्ष श्री नरेंद्र फणसे ने सभी खिलाड़ियों एवं आयोजकों को बधाई देते हुए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। विजेता प्रशांत महंत, उपविजेता जितेंद्र भंडिया तथा डबल्स विजेता मनीष जोशी व संजय शर्मा को हार्दिक बधाई!**

# पिछोर में नेशनल लोक अदालत में 337 प्रकरण में 333 प्रकरणों का हुआ निराकरण

## लोक अदालत में आठ दस साल से अलग रह रहे पति/पत्नी का सुलह कराकर भेजा घर

**जगदीश पाल**



पिछोर (शिवपुरी) राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र प्रसाद सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला शिवपुरी श्रीमती रंजना चतुर्वेदी के निर्देशानुसार तथा अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पिछोर राजेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में 13 सितंबर शनिवार 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन तहसील सिविल न्यायालय पिछोर में किया गया ! इस दौरान सुबह10:30 बजे अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पिछोर राजेश कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में मां सरस्वती के पूजन, पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया ! उक्त कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश पिछोर किशोर कुमार गहलोत तथा अन्य न्यायाधीश गण श्रीमती प्रियंका विश्वकर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड पिछोर विकास विश्वकर्मा अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड पिछोर तथा सुश्री नेहा प्रजापति प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड पिछोर एवं विधिक सेवा कर्मचारी धर्मेंद्र राजोरिया, सिविल न्यायालय पिछोर के तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों सहित विद्युत मंडल, बैंक, नगर पालिका के अधिकारीगण कर्मचारीगण, न्यायिक खंडपीठों के सुलहकर्ता सदस्य, ब अधिवक्तागण आदि उपस्थित रहे।

नेशनल लोक अदालत में सिविल न्यायालय पिछोर में पांच न्यायिक खंडपीठों का गठन किया गया, जिसमें खंडपीठों में प्रीलिटिगेशन प्रकरण 337 रखे गए, जिनमें से 333 प्रकरण का निराकरण किया गया जिन प्रकरणों में 33,88,866 रुपए सेटलमेंट राशि जमा हुई, कुल 333 व्यक्ति लाभान्वित हुए एवं न्यायालय में लंबित प्रकरणों में 93 प्रकरणों को रखा गया जिसमें से 83 प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा कुल 212 व्यक्ति लाभान्वित हुए एवं कुल 69,01,060 रूपये सेटलमेंट राशि जमा हुई। इसके साथ-साथ नेशनल लोक अदालत में 13 सितम्बर 2025 को न्यायालय जिला न्यायाधीश पिछोर किशोर कुमार गहलोत के न्यायालय में लंबित प्रकरण क्रमांक एच एम ए 66/2025 उनमान आवेदक कुलवंत सिंह पुत्र बनवारी लाल राठौर निवासी मायापुर तहसील खनियाधाना द्वारा अधिवक्ता अरविंद भार्गव,अनावेदक महिला सपना द्वारा अधिवक्ता विनीत शर्मा निवासी ग्राम इमलिया शहर थाना मेहगांव जिला भिंड के हिंदू विवाह विवाद में आवेदक एवं अनावेदक वर्ष 2014 से करीब 8 -10 साल से एक दूसरे से अलग रह रहे प्रकरण का नेशनल लोक अदालत में किशोर कुमार गहलोत जिला न्यायाधीश पिछोर की न्यायालय में समझाइश एवं आपसी सहमति के माध्यम से प्रकरण का निराकरण कर दोनों पति-पत्नी एक दूसरे के साथ खुशी-खुशी प्रेम पूर्वक अपने-अपने घर गए।

# जिला चिकित्सालय में पदस्थ शासकीय डॉक्टर टीवी के मरीज से कहा सरकारी गोली दवाइयां से ठीक नहीं होते आप मेरे पास मेरी क्लीनिक पर प्राइवेट आओ

शिवपुरी जिला चिकित्सालय टीवी अस्पताल में पदस्य डॉक्टर श्री संकल्प जैन जी द्वारा एक मरीज का इलाज किया गया जो कि मरीज ग्राम गाजीगढ़,तहसील बैराड़, जिला शिवपुरी टीवी अस्पताल में अपना इलाज कराने आया जिसमें डॉक्टर श्री संकल्प जैन ने मरीज का इलाज किया जिसमे श्रीमती पपीता धाकड़ जी को यह बताया की सरकारी अस्पताल की दवाइयां से आप ठीक नहीं हो सकते आप मेरी क्लीनिक पर प्राइवेट फीस देकर दिखा लीजिए मैं आपका इलाज सही से कर दूंगा और जांच भी करनी पड़ेगी बाहर से और दवाई भी लेनी पड़ेगी ! यह बोलकर मरीज को गुमराह कर दिया गया और अपने पेन से क्लीनिक का नाम और डॉक्टर श्री संकल्प जैन राजश्री रोड तात्या टोपे के सामने का पता बताया गया जिसमें मरीज प्राइवेट दिखाने गया तो उसे फीस ली इसमें मरीज को प्राइवेट जांच भी करानी पड़ी और दवाइयां भी लेनी पड़ी जो दवाइया पर्चे पर लिखी गई वह डॉक्टर खुद अपनी क्लीनिक से ही पैसे से देता है और सारी जांच श्री राम पैथोलॉजी से कराई गई लेकिन मरीज को आराम नहीं मिला तो वह 5 दिन बाद फिर वापस आया जिसमें डॉक्टर ने बहुत सारी जाँचे प्राइवेट करा ली जो की उससे पहले हो चुकी थी जैसे की एक्स-रे खून की जांच इत्यादि और मरीज का पूरा प्राइवेट खर्चा 30000 ले लिया गया जिसमें मरीज ने बोला कि आपने इतना खर्चा कैसे बता दिया तो वह बोला कि प्राइवेट में तो इतना ही खर्च होता है फिर आपको आराम कहां से मिलेगा सरकारी दवाइयां से आपको आराम नहीं मिलेगा आप मर जाओगे और मरीज को 100% ठीक होने की गारंटी देकर मरीज को सरकारी अस्पताल से प्राइवेट लाया गया जब मरीज को कुछ आराम नहीं मिला तो मरीज ने कुछ बातें कहीं जो कि डॉक्टर ने उनकी बातों पर अनसुनी दी और डॉक्टर ने मरीज से बोला कि आप पर जो हो जाए वह कर देना मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता मरीज ने फिर इसकी शिकायत 181 पर कर दी उसके बाद डॉ श्री संकल्प जैन मरीज को कॉल करके बोल रहा है कि आप मेरी शिकायत बंद कर दीजिए नहीं तो आगे से मैं आपका इलाज नहीं कर पाऊंगा और पैसे भी नहीं दूंगा यह बोलकर फोन काट दिया जिसमें मरीज को अभी तक कोई आराम नहीं मिला है शिवपुरी CMHO मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा इससे पहले एक नोटिस दिया गया था कि आप सरकारी अस्पताल से मरीज को अपनी प्राइवेट क्लीनिक पर मरीज का इलाज नहीं कर सकेंगे।

# व्यवहार में संतुलन और असंतुलन को समझने की कला है सहज योग

अपने दैनिक जीवन को जीते हुये हम लगातार अपने आसपास के परिवेश व विपरित परिस्थितियों के वशीभूत हो कई अलग-अलग स्तरों पर प्रभावित होते रहते हैं- भावनात्मक रूप से, मानसिक रूप से और कुछ मामलों में शारीरिक रूप से भी। यह उथल-पुथल अकसर तनाव या शारीरिक बीमारियों का कारण बन जाती है। क्रोध, अवसाद, चिड़चिड़ापन व निराशा इसके लक्षण हैं। इनसे कई व्यावहारिक और शारीरिक समस्याएं भी होने लगती हैं। नींद, भूख, और ऊर्जा में कमी होने के साथ-साथ ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत होती है। रोजमर्रा के बर्ताव या आत्म-सम्मान की भी कमी दिखती है। गहन अवसाद की स्थिति में आत्महत्या के विचार भी आ सकते हैं। असंतुलन के कारणों पर ध्यान देने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण यह होता है कि हम यह जान सकें कि हम संतुलित हैं या नहीं। व्यवहार में संतुलन और असंतुलन की पहचान करना और असंतुलन से उबरना सीखना आज के समय की सबसे बडी जरूरत है। सहज योग ध्यान की तकनीक से हम हमारे सूक्ष्म शरीर के तीनों चैनलों की, जिनका संबंध हमारे संतुलन और असंतुलन से है, उनका परिचय, उनके महत्व आदि का विस्तार से वर्णन व उसकी सीमाएं बड़ी आसानी से सीख लेते हैं। यही है सहज योग ध्यान का प्रमुख ज्ञान। इस ध्यान के अभ्यास का भी सीधा असर हर मानव शरीर पर पड़ता है। सहज योग के साधक जानते हैं कि असंतुलन का सबसे बड़ा कारण हमारे बांई ओर का असंतुलन है। इस बारे में विस्तार से समझते हैं। मानव तंत्रिका तंत्र को तीन भागों में बांटा गया है: ईड़ा, पिंगला व सुषुम्ना नाड़ी।

# गुरुद्वारा बाबा लक्खी शाह बंजारा साहिब जी का भव्य शुभारंभ

**राजेश धाकड़**

**इंदौर, टपाल घाटी, असरावद खुर्द, खंडवा रोड, तेजाजी नगर स्थित गुरुद्वारा बाबा लक्खी शाह बंजारा साहिब जी का रविवार को भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन केंद्रीय मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा (कैबिनेट मंत्री, दिल्ली) द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशाल गुरमत समागम का आयोजन हुआ, जिसमें प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर से आई संगत ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार बलराम सिंह जी ने बताया कि यह गुरुद्वारा आने वाली पीढ़ियों को गुरु परंपरा से जोड़ने और समाज को आध्यात्मिक मार्गदर्शन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।**



## समाज की बड़ी भागीदारी

समारोह में बंजारा समाज की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस दौरान गुरुद्वारा कमेटी के सचिव जीवन राठौर, जगदीश जाधव, पप्पू राठौर (घुमंतू कार्य जिला संयोजक), गोर बंजारा दल अध्यक्ष रमेश राठौर, रामदास पवार, जसवंत राठौर, सुनिल राठौर और करण सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर संगत को गुरुप्रसाद वितरित किया गया और श्रद्धालुओं ने बाबा लक्खी शाह बंजारा साहिब जी के दरबार में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# लाड़ली बहनों के खाते में 1541 करोड़ रुपए ट्रांसफर

## झाबुआ में CM ने कहा- कांग्रेसियों को घर में घुसने मत देना, मोहल्ले में आने मत देना

**झाबुआ : राजेश सोनी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार दोपहर झाबुआ के पेटलावद पहुंचे। उन्होंने यहां सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में 1541 करोड़ रुपए की 28वीं किश्त ट्रांसफर की। सीएम ने कहा कि इस दीपावली के बाद 1500 रुपए लाड़ली बहनों के खाते में दिए जाएंगे। सीएम ने इसके अलावा, जिले के 345.34 करोड़ लागत की राशि के 72 से अधिक विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया। इसमें विभिन्न विभागों के 194.56 करोड़ लागत राशि के 35 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 150.78 करोड़ लागत राशि के 37 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

### कांग्रेस ने बहनों को फूटी कौड़ी नहीं दी




सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेसी कहते हैं कि बहनें दारू पी जाते हैं। ऐसे कांग्रेसियों को घर में घुसने मत देना। वे मोहल्ले में आएं, तो आने मत देना। बहनों का अपमान कभी बर्दाश्त करने वाले नहीं हैं। बहनों को अपमानित करते हैं। कांग्रेस ने कभी बहनों को फूटी कौड़ी नहीं दी। कभी बहनों की चिंता नहीं की। कांग्रेसी केवल वोट मांगते हैं। झूठ बोलते हैं। सीएम ने कहा कि अब लोगों को काम के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है। यहीं झाबुआ में रोजगार के अवसर मिलेंगे। पांच लाख तक का बीमा सरकार की तरफ से निःशुल्क होगी। इसकी शुरुआत झाबुआ जिले से होगी। अफसरों को निर्देशित किया कि किसानों को कोई परेशानी नहीं आना चाहिए। सीमा पर जवान और खेत में किसान, दोनों बराबर होते हैं। 17 सितंबर को पीएम मोदी के कार्यक्रम में आने का आमंत्रण दिया।

### CM ने ये घोषणाएं भी कीं

पेटलावद में सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड बनाया जाएगा।

श्रृंगेश्वर तीर्थस्थल के सौंदर्यीकरण 6.5 करोड़ की लागत से होगा।

एनएच 47 पर टू लेन मार्ग 86 करोड़ की लागत से बनेगा।

झाबुआ कल्याणपुरा रायपुरिया मार्ग नया बनाने की घोषणा की।

पुष्पवर्षा कर लाड़ली बहनों का स्वागत

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम स्थल जिले भर आई लाड़ली बहनों पर पुष्पवर्षा कर अभिवादन एवं स्वागत किया। सीएम को तीर कमान भेंट किया। झुलड़ी व साफा पहनाया गया। सीएम ने कार्यक्रम के आखिर में पेटलावद ब्लास्ट की 10वीं बरसी पर हादसे में मारे गए 78 लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें मौजूद हैं।

---

## बहुआयामी कलाकार आशुतोष राणा से
# ख़ास मुलाक़ात

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर। भारतीय सिनेमा और साहित्य के चर्चित नाम आशुतोष राणा जी से टाइम्स न्यूज़पेपर की ख़ास बातचीत का अवसर मिला। फिल्मों में अपने सशक्त और यादगार अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले राणा जी ने इस मुलाक़ात में अपने अभिनय सफ़र, साहित्य प्रेम और सामाजिक सरोकारों पर खुलकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि "अभिनय केवल परदे तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज की आत्मा का दर्पण है। कलाकार की ज़िम्मेदारी होती है कि वह समाज को नई दिशा देने वाला संदेश अपने काम से दे।"

साहित्य की ओर झुकाव के बारे में उन्होंने बताया कि लेखन और पठन उनके लिए साधना की तरह है। "कला के हर रूप में साधना की जरूरत होती है, चाहे वह अभिनय हो या लेखन।" समाज और युवाओं को संदेश देते हुए आशुतोष राणा जी ने कहा कि "युवाओं को अपनी जड़ों से जुड़े रहकर आधुनिकता को अपनाना चाहिए। सफलता वही है जो दूसरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए।"




इस विशेष मुलाक़ात में उन्होंने अपने आगामी साहित्यिक कार्यों और नई फ़िल्म परियोजनाओं की भी झलक दी।

## मां करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र जी गौतम जी नियुक्त हुए एवं हजारों की संख्या में कार्यकताओं ने दी शुभकामनाएं




**आदित्य शर्मा- 8224951278**

### वही रणजीत टाइम्स की और से राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह जी गौतम को विशेष शुभकामनाएं दी गई



मां करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र सिंह जी गौतम नियुक्त हुए मां करणी सेना के हजारों कार्यकर्ताओं द्वारा आनंद मिलन गार्डन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र जी गौतम को शुभकामनाएं दी वही राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह जी गौतम द्वारा बताया गया मेरी जो नियुक्ति हुई हे चयन प्रकिया द्वारा हुई हे न कि स्वयं द्वारा हमारी सभी नियुक्तियां चयन प्रकिया द्वारा ही की जाती हे वही राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा बताया कि यह संपूर्ण आयोजन जिला अध्यक्ष बाला जी ठाकुर के द्वारा किया गया हे वही राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा बताया गया हमारे द्वारा रैली निकाली गई एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से हम सभी मा करणी सेना के सदस्य ईश्वर का धन्यवाद दे सके।

# दीपक सक्सेना बने मध्यप्रदेश के नए जनसंपर्क आयुक्त, सरकार की छवि संवारने की जिम्मेदारी



**रणजीत टाइम्स**

मध्यप्रदेश सरकार ने 2010 बैच के वरिष्ठ IAS अधिकारी दीपक कुमार सक्सेना को जनसंपर्क आयुक्त के पद पर नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद उन्होंने नई जिम्मेदारी संभाल ली है। सक्सेना इससे पहले जबलपुर के कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट के रूप में कार्यरत थे, जहां उनकी प्रशासनिक सख्ती और पारदर्शिता की नीति ने उन्हें एक सक्रिय अधिकारी के रूप में पहचान दिलाई। दीपक सक्सेना का जन्म 29 दिसंबर 1967 को हुआ था। राज्य सेवा से IAS बनने के बाद उन्होंने अपने पूरे प्रशासनिक करियर में जवाबदेही, पारदर्शिता और जन समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता को प्राथमिकता दी है। जबलपुर में कार्यकाल के दौरान उन्होंने शिक्षा माफिया, राशन वितरण में गड़बड़ियों और अन्य अनियमितताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की, जिससे उनकी छवि एक निष्पक्ष और निडर अधिकारी की बनी।

जनसंपर्क आयुक्त के रूप में उनकी प्राथमिकता विभाग की कार्यप्रणाली को मजबूत करना, सरकारी योजनाओं और सूचनाओं को आम नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना और विभागीय अधिकारियों को लोकहित के लिए प्रेरित करना होगा। माना जा रहा है कि उनकी नियुक्ति से सरकार और जनता के बीच संवाद और अधिक पारदर्शी और प्रभावशाली होगा। राज्य सरकार की इस नियुक्ति को जन सूचना, मीडिया समन्वय और सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार को नई दिशा देने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। दीपक सक्सेना की सक्रियता और प्रशासनिक अनुभव से जनसंपर्क विभाग को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# एमवाय चूहा कांड देवास पीड़ित परिवार को लेकर कलेक्टर से मुलाकात, जयस की बड़ी चेतावनी



देवास की दूसरी बच्ची के पीड़ित परिवार को लेकर जयस ने इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा जी से मुलाकात कर अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली।

इस दौरान पीड़ित परिवार को प्रारंभिक मुआवजा राशि का चेक भी दिलवाया गया। लेकिन जयस ने साफ चेतावनी दी है कि यदि आज दिनांक तक एमवाय चूहा कांड में लिप्त डीन, अधीक्षक सहित जिम्मेदार अधिकारियों पर ठोस कार्यवाही नहीं होती है, तो कल यानी गुरुवार से जयस बच्चियों के न्याय के लिए आंदोलन की घोषणा करेगा। जब तक न्याय नहीं मिलेगा तब तक संघर्ष जारी रहेगा। पीड़ित परिवार ने भी मांग की है कि बच्चियों को न्याय दिलाया जाए और लापरवाह अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज हो।

# सहजयोग मस्तिष्क परे जाकर विकसित होना है : श्री माताजी



श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रतिस्थापित सहजयोग ध्यान की वो सनातन पद्धति है जिसे आधुनिक वैज्ञानिकों व चिकित्सकों ने भी स्वीकार किया है। मनुष्य की जिन शारीरिक व मानसिक जटिलताओं को आधुनिक विज्ञान समझ नहीं सका उन्हें सहजयोग द्वारा समझाया गया है। विभिन्न शारीरिक रोगों में, मानसिक तनाव को दूर करने में, कृषि का उत्पादन बढ़ाने में, वातावरण की नकारात्मकता को दूर करने में सहजयोग ने अवर्णनीय प्रभाव दिखाया है।

परंतु इसका वास्तविक उद्देश्य कहीं व्यापक है यह आत्मा के परमात्मा से योग का साधन है इसके पश्चात समस्त बाधाएं स्वयं ही समाप्त हो जाती हैं। यह जीवंत अनुभव है जिसे पढ़कर नहीं समझा जा सकता सहजयोग विवेक व बोध के द्वारा क्रिया एवं विचारों से बाहर निकाल कर ध्यान का मार्ग प्रशस्त करता है। और हमें उस ज्ञान व विद्या का साक्षात्कार प्रदान करता है जो हमारे साथ जन्मी है, जो सहज है। श्री माताजी ने अपनी अमृतवाणी में वर्णित किया है कि, "सहजयोग को मानसिक न बनाएं। आप इसे मानवीय चेतना के माध्यम से नहीं समझ सकते। मैंने आपको सैंकड़ों बार कहा है कि आप अपने दिमाग की सीमित क्षमता से सहजयोग को नहीं समझ सकते। अपने हृदयों को खोलें।........ आपको सहजयोग में विकसित होना होगा। यह समझ लें कि आपको अपने दिमाग के पार जाकर विकसित होना है।

अपने मस्तिष्क या बुद्धि से, अगर हम समझ पाते, या हम अपना उत्थान पा लेते, तो यह इसे पाने का सबसे आसान तरीका होता। लेकिन नहीं, प्रत्येक मानव के पास एक सीमित सोच वाला दिमाग है। तो कोई इस ओर जाता है। कोई उस तरफ जाता है। कोई उस तरफ जाता है। और इसी तरह हमारे सामने युद्धों की समस्या है। हमारी समस्या यह है कि हर किसी का दृष्टिकोण अलग-अलग होता है। (18 जुलाई 1994) परंतु शाश्वत सत्य एक है अतः अपने आप को इस भ्रम, संदेह व भटकाव से बाहर निकल कर सत्य के अनुभव का एक अवसर अवश्य प्रदान करें। सहजयोग ध्यान का आनंद और अनगिनत लाभ लेने हेतु आप जानकारी टोल फ्री नं - 1800 2700 8 से प्राप्त कर सकते हैं

## पीडब्ल्यूडी मंत्री बोले- भोपाल का 90 डिग्री ब्रिज सही

# इसमें कोई तकनीकी समस्या नहीं; हाईकोर्ट का तंज- ठेकेदारों को मेडल देना चाहिए

**रणजीत टाइम्स**

भोपाल के जिस 90 डिग्री में खामियां बताकर आठ अफसरों को सस्पेंड किया गया था, उस ब्रिज को पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने गुरुवार को सही बताया है। उन्होंने जबलपुर में मीडिया से कहा- ब्रिज को लेकर कोई समस्या थी ही नहीं, लेकिन उसका प्रचार-प्रसार इस तरह किया गया कि वह सुर्खियों में आ गया। मंत्री ने कहा- 90 डिग्री का कोई मुद्दा नहीं था।





इस तरह के पुल और चौराहे देश और प्रदेश में बहुत सारे बने हुए हैं। महत्वपूर्ण यह है कि सेफ्टी मेजर्स का पालन हुआ है या नहीं और इस मामले में पालन किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां पुराने शहर और पुरानी बसाहट होती है, वहां जब पुल और सड़कों का निर्माण करना होता है, तो जगह की कमी के कारण 90 डिग्री पर जाना ही पड़ता है। कई बार ऐसी परिस्थितियां बनती हैं।

### भोपाल का ब्रिज वास्तव में 114 डिग्री का पुल

लोक निर्माण मंत्री ने कहा- भोपाल के जिस ब्रिज को 90 डिग्री का बताया जा रहा है, वह वास्तव में 114 डिग्री का है। उस पर किसी तरह की कठिनाई नहीं है। ब्रिज में कोई तकनीकी समस्या नहीं है। ठेकेदार और अन्य लोगों पर जो कार्रवाई की गई, वह बेहतर तालमेल न होने के कारण हुई है। विभाग द्वारा हाईकोर्ट को जवाब देना है, जिसे तैयार कर लिया गया है। आवश्यक कार्रवाई चल रही है।

### हाईकोर्ट ने कहा- फिर ठेकेदार पर कार्रवाई क्यों की?

90 डिग्री ब्रिज मामले में बुधवार को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई थी। मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की बेंच के सामने मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (मैनिट) की सिविल इंजीनियरिंग विभाग की जांच रिपोर्ट पेश की गई। रिपोर्ट पढ़ने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा- जब ठेकेदार ने PWD के निर्देशों के अनुसार ही काम किया है, तो फिर उस पर कार्रवाई क्यों की गई? ठेकेदारों को सजा नहीं, बल्कि मेडल मिलना चाहिए।

### मैनिट की रिपोर्ट- नक्शे के अनुसार ही निर्माण

मैनिट की जांच रिपोर्ट में सामने आया है कि PWD ने ठेकेदार पुनीत चड्ढा को जो जनरल अरेंजमेंट ड्राइंग दी थी, उसमें पुल का एंगल 119 डिग्री दर्शाया गया था। जांच में बने पुल का एंगल 118 डिग्री से थोड़ा ज्यादा पाया गया। दोनों ही माप लगभग समान बताए गए। रिपोर्ट के अनुसार, ठेकेदार ने विभाग द्वारा दिए गए नक्शे के अनुसार ही निर्माण कार्य किया है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सरकार और पीडब्ल्यूडी से जवाब मांगा है।

### सरकार ने जवाब देने मांगा समय

सरकार की ओर से कोर्ट में पेश वकील ने अदालत से समय मांगते हुए कहा कि उन्हें रिपोर्ट का अध्ययन करने और जवाब दाखिल करने का अवसर दिया जाए। हाईकोर्ट ने मांग स्वीकार करते हुए सुनवाई की अगली तारीख 23 सितंबर को तय की है।

## मध्यप्रदेश में खाद संकट को लेकर उमंग सिंघार का सरकार पर हमला, कहा 'अन्नदाताओं पर बरसाई जा रही लाठियां, बीजेपी के लिए किसान सिर्फ वोट बैंक'



**रणजीत टाइम्स**

मध्यप्रदेश में खाद की भारी किल्लत ने कई जगह किसानों को सड़कों पर उतरने को मजबूर कर दिया है। इस बीच नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भोपाल में एक प्रेसवार्ता कर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने खाद की मांग और वितरण के लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाई, जिसके चलते किसानों को अफरा-तफरी और संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रदेश की अर्थव्यवस्था और रीढ़ किसान हैं, उन्हीं को खाद के लिए लाठियां झेलनी पड़ रही हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार को खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए खाद ट्रांसपोर्ट करने वाली गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम लगाना चाहिए और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए इस समस्या का निदान करना चाहिए।

### खाद संकट पर सरकार को घेरा

उमंग सिंघार ने सरकार खाद की कमी को लेकर भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने सवाल किया कि बीजेपी सरकार किसानों को खाद उपलब्ध क्यों नहीं करा पा रही है। उन्होंने कहा कि 'पीएम मोदी ने कहा था कि हम किसानों का आय दुगनी कर देंगे। किसानों का आय दुगनी कब होगी.. जब किसानों को समय पर खाद मिलेगी और उनकी फसल पकेगी। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी पंजाब घूम रहे हैं लेकिन मध्यप्रदेश के किसानों को भूल गए हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव जी कांग्रेस की पहल पर स्कूटी बाँट रहे है.. लेकिन किसानों को खाद की बोरी भी बांट दी जाती तो वे आज बेहाल न होते।'

उन्होंने कहा कि क्या कारण है कि प्रदेश में हर साल खाद की समस्या गहराती है? क्या भाजपा सरकार किसानों को केवल वोट बैंक समझती है? किसान हमारी धरती का भगवान है। उसके पसीने से अन्न उगता है। और जब वही किसान खाद, पानी और न्यूनतम दाम के लिए तरस जाए तो यह सरकार की नाकामी का सबसे बड़ा सबूत है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मध्यप्रदेश प्रदेश की पुलिस किसानों पर जिस तरह लाठियां बरसा रही है वह सरासर गलत है। किसानों को खाद की जगह सिर्फ लाठियां मिल रही हैं। बीजेपी सरकार किसानों की आय दुगनी करने की बात करने के बाद उनपर लाठी बरसा रही है।

### बीजेपी सरकार पर लगाए आरोप

इसी के साथ उमंग सिघार ने ये सवाल भी किया कि केंद्र सरकार के आँकड़ों में खाद सरप्लस दिखाई गई तो फिर किसानों तक खाद क्यों नहीं पहुँची है। उन्होंने कहा कि 'पिछले तीन सालों में मध्यप्रदेश में 16.25 LMT यूरिया और 7.11 LMT DAP बची बताई गई। सरकारी आँकड़े कहते हैं कि प्रदेश में खाद की उपलब्धता हर साल खपत से ज़्यादा रही.. यानी खाद बची हुई थी। फिर सवाल है कि खाद थी तो किसानों तक क्यों नहीं पहुँची?' उन्होंने कहा कि सरकार इस बात का जवाब दे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सीएम मोहन यादव, शिवराज सिंह चौहान और जेपी नड्डा जी.. तीनों मिलकर भी किसानों की समस्या हल नहीं कर पा रहे हैं या फिर इन तीनों नेताओं के बीच तालमेल की भारी कमी है। उन्होंने कहा कि सरकार लीपापोती करती है भाषणबाजी करती है लेकिन किसानों के आंसू नहीं पोंछना चाहती है।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार , 16 सितम्बर 2025 से 22 सितम्बर 2025 तक



# सहज योग मेडिटेशन से विश्व कल्याण का माध्यम बनना संभव



आज के दौर में ध्यान योग यानि मेडिटेशन की सर्वाधिक आवश्यकता है। विश्व के तनाव हम सब देख ही रहे हैं। एक देश दूसरे देश पर लगातार हावी होने का प्रयास कर रहे हैं। कोई झुकना ही नहीं चाहता क्योंकि आत्मसम्मान से कहीं अधिक, झुकने के लिए जिस शांतिभाव की आवश्यकता है, उस भाव की कमी है। हम जन मानस विश्व के किसी भी कोने में चल रहे अशांति से स्वयं को बचा नहीं पाते हैं। अतः जरुरी है कि हमारी आत्मा जागृत हो और हम स्वयं को सुरक्षित रखने का दायित्व स्वयं उठाये। आत्म-जागरूकता से मानव अपने अनुभव की सीमाओं से मन के परिवर्तनकारी मार्ग की खोज करने में सक्षम होता है। यह जीवन को समझने की चुनौती को सहजता से समझ पाता है। मेडिटेशन मन-शरीर-बुद्धि प्रणाली के साथ साथ भीतर की संभावनाओं को समझने के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। सुनने में यह बात भले ही आसान ना लगे पर इसके लिए प्रयास ही नहीं करना उचित नहीं होगा। हम सभी एक बार प्रयास करके कुछ दिन नियमित ध्यान धारणा से हम इस सुक्ष्म ज्ञान को आत्मसात कर सकते हैं।

सहज योग साधक को वो साक्षी भाव प्रदान करता है जिसकी वर्तमान समय में सर्वाधिक आवश्यकता है। समझने का प्रयास करते हैं कि यह साक्षी भाव आखिर है क्या? अपने को स्वयं पर केन्द्रित कर उन घटनाओं को जो हमें विचलित करती है, स्वयं पर हावी ना होने देना साक्षी भाव है। प्रार्थना के महत्व को हम सभी जानते हैं। सहज ध्यान योग में भी प्रार्थना का बहुत बड़ा स्थान है। सहज योग तकनीक से हमारे अंदर स्थित कुंडलिनी शक्ति जागृत होती है, हाथों से और सिर के तालु भाग से चैतन्य प्रवाहित होने लगता है। यह महज एक कर्मकांड नहीं बल्कि एक जागृत अवस्था है, इसकी अनुभूति साधक को परमेश्वरी शक्ति से एकाकारिता का बोध कराती है। साधना की इस अवस्था में जब हम परमेश्वरी शक्ति से एकाकार रहते हैं, हमारी प्रार्थना का फलीभूत होना एक अटूट सत्य सा प्रभावी होता है। हम अपनी सुरक्षा के साथ साथ विश्व की सुरक्षा के लिए भी प्रार्थना कर सकते हैं। आज विश्व को ऐसे प्रार्थना की अत्यंत आवश्यकता है। विश्व में सहज योगियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो इसकी भी आवश्यकता है। सहज योगी लगातार बढ़ रहे हैं पर, संसार बहुत बड़ा है तो उस हिसाब से भी सहज योग फैलना चाहिए। संसार के संरक्षण की जिम्मेदारी सभी की है, हर मानवमात्र की है। हमें स्वयं को पहचानना है ताकि हम ईश्वर प्रदत्त इस जीवन की गरिमा को समझ सकें। स्वयं को ईश्वर का प्रतिनिधि बनाकर इस विश्व के प्रति जिम्मेदारी को निभा सकें।

सहज साधक गुरु पद प्राप्त करता है और दूसरों को भी संतुलन दे पाता है, वो जलवायु, प्रकृति, वातावरण,समाज तथा मनुष्य को संतुलित करता है। किसी भी प्रकार का प्रलोभन सहज योगी को विचलित नहीं कर सकता है और यह गुण उसमें स्वयं प्रस्थापित होता है। तपस्विता हम सब के अंदर है, यह अंतर्जात है। बस इसे उजागर होना है। अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने व स्वयं का गुरु बनने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।




## भंवरकुआ थाना पुलिस कर्मी द्वारा दो आदिवासी युवकों से मारपीट मामले में, जयस ने किया थाने का घेराव

दिनांक 11 सितम्बर की रात को इंदौर के भोलाराम भंवरकुआं क्षेत्र में दो आदिवासी युवकों के साथ भंवरकुआ थाना पुलिसकर्मियों द्वारा की गई अमानवीय मारपीट की घटना ने पूरे आदिवासी समाज को झकझोर दिया। इस गंभीर घटनाक्रम के विरोध में जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस), जयस छात्र संगठन और भीम आर्मी संगठन के कार्यकर्ताओं ने मिलकर भंवरकुआ थाना का घेराव किया।

घेराव के दौरान प्रशासन के सामने समाज की ओर से दो मुख्य मांगें रखी गईं:

1. घटनाक्रम में लिप्त पुलिसकर्मियों को तत्काल निलंबित किया जाए।
2. दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

इस मौके पर जयस प्रदेश अध्यक्ष पवन डावर ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। जयस छात्र संगठन प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल बघेल ने कहा कि कुछ पुलिसकर्मियों की वजह से पूरा प्रशासन बदनाम होता है, अतः पुलिस की छवि को सुधारते हुए उन्हें देशभक्ति और जनसेवा की भावना से कार्य करना चाहिए। वहीं जयस छात्र संगठन जिलाध्यक्ष पवन अहिरवार ने कहा कि छात्रों और मजदूरों के साथ पुलिस प्रशासन को नरमी से पेश आना चाहिए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए।

प्रशासन ने दबाव के बीच सभी मांगों को स्वीकार किया मारपीट करने वाले प्रधान आरक्षक महेश सरगेया को जूनी इंदौर लाइन अटैच किया गया और आश्वासन दिया कि तीन दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।




उसी आधार पर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जयस के इस घेराव ने स्पष्ट कर दिया है कि आदिवासी समाज अपने सम्मान और अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगा

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )